18.03.26
05:30 PM

शिवानी रावत
पी०सी०एस०जे०,
सचिव

दीवानी न्यायालय परिसर,
ए०डी०आर भवन, बाराबंकी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी

(विधिक सेवा अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या–366/एसएलएसए–05/2002 (हैदर) दिनांकित–04.02.2026 के अनुपालन में एवं आदेश संख्या–38/2026(प्रशासनिक) द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांकित–16.03.2026 के अनुक्रम में जनपद बाराबंकी में गठित स्थायी लोक अदालत हेतु आशुलिपिक के 01 पद (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त आशुलिपिक (आयु 65 वर्ष से कम हो) पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जानी है। तदक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के निर्देशानुसार आशुलिपिक के 01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत् है–

पद का नाम	पदों की संख्या	पद के सापेक्ष मानदेय
आशुलिपिक	1	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रू0–9000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु

शासनादेश द्वारा सृजित उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी अपना नाम, पता, जन्मतिथि, विभाग का नाम (जहां से सेवानिवृत्ति हुये है) सेवानिवृत्ति की तिथि, पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) तथा मोबाइल नम्बर अंकित करते हुये किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य दिनांक–02.04.2026 तक आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के कार्यालय से प्राप्त कर अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट एवं जनपद न्यायालय बाराबंकी की वेबसाइट से डाउनलोड करके जमा किया जा सकता है। दिनांक–02.04.2026 के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अर्हता एवं मेरिट के आधार पर चयन, चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

दिनांक–18.03.2026

भवदीय

संलग्नक–आवेदन का प्रारूप।

(शिवानी रावत)
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी।

प्रतिलिपि–

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्रीमान् नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट एवं जनपद न्यायालय बाराबंकी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
3. श्रीमान् जिलाधिकारी बाराबंकी को सूचनार्थ एवं कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित
4. प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय बाराबंकी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. जिला बार एसोसिएशन, बाराबंकी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु प्रेषित।
6. नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय बाराबंकी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
7. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु प्रेषित।
8. सूचना अधिकारी बाराबंकी को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने स्तर से जनपद बाराबंकी के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करावें तथा अपनी आख्या के साथ अधोहस्ताक्षरी को विवरण प्रस्तुत करें।

18/03/26

सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी।

S.O to do needful

आवेदन का प्रारूप

आवेदित पद का नामः....................................

1. आवेदक का नामः.. फोटो
2. पिता/पति का नामः...
3. जन्म तिथिः.. (आयु 65 वर्ष से कम हो)
4. लिंगः .... (पुरुष/महिला)
5. वर्तमान पताः...

   ....

   ....जनपदः..

   स्थायी पताः...

   ....

   ....जनपदः..

   शैक्षणिक योग्यताः...
6. श्रेणीः...

   (सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक)
7. मोबाइल नं0:...
8. विभाग का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुएः...
9. सेवानिवृत्ति का दिनांकः...
10. फिटनेस प्रमाण–पत्र...
11. पहचान पत्रः...

    (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि)

घोषणा

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। इसका कोई अंश असत्य नहीं है, यदि कोई अंश असत्य पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। उस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः (अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

स्थानः